शब्द-भंडार
(Vocabulary)

1. पर्यायवाची शब्द



गरीब व्यक्ति भीख माँग रहा है।

या

निर्धन व्यक्ति भिक्षा माँग रहा है।



पेड़ के नीचे एक व्यक्ति लेटा है।

या

वृक्ष के नीचे एक मनुष्य लेटा है।

उपर्युक्त वाक्यों में गरीब के लिए निर्धन तथा पेड़ के लिए वृक्ष शब्द का प्रयोग किया गया है; इसी प्रकार भीख के लिए भिक्षा और व्यक्ति के लिए मनुष्य शब्द का प्रयोग किया गया है। फिर भी इनका अर्थ एक समान ही है। ऐसे शब्द 'समानार्थी' या 'पर्यायवाची शब्द' कहलाते हैं।

परिभाषा– ऐसे भिन्न-भिन्न शब्द जिनके अर्थ एक जैसे होते हैं, 'समानार्थी' या 'पर्यायवाची शब्द' कहलाते हैं।

पर्यायवाची शब्दों की सूची

पृथ्वी	धरा, वसुधा, भूमि
सूर्य	सूरज, भानु, भास्कर
आदर	सम्मान, मान, प्रतिष्ठा
उपवन	बगीचा, बाग, वाटिका
मानव	मनुष्य, आदमी, इंसान
खुशी	हर्ष, प्रसन्नता, आनंद
नदी	सरिता, तटिनी, तरंगिणी
दुख	कष्ट, विपत्ति, व्यथा
अमृत	सुधा, पीयूष, सोम
अंधकार	अँधेरा, तम, तिमिर
जल	पानी, नीर, सलिल
वायु	हवा, समीर, पवन
आँख	नयन, नेत्र, लोचन

अभ्यास

1. प्रत्येक चित्र को पहचानकर उस के नीचे उसके दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (लेखन गतिविधि)

पुष्प
सुमन

घन
नीरद

सूर्य
रवि

2. उचित पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए-

(क) रात निशा (सर्प, नौका, निशा)

(ख) कपड़ा वसन (वसन, सखा, विभूति)

(ग) दुख व्यथा (व्यथा, भुजा, देव)

(घ) उपवन वाटिका (वाटिका, केकी, साथी)

(ङ) नदी तटिनी (तटिनी, सुरसरि, देवनदी)

3. निम्नलिखित शब्दों का उनके पर्यायवाची शब्दों से मिलान कीजिए-

(क) कमल राजीव	(i) घन
(ख) पृथ्वी धरा	(ii) अभिलाषा
(ग) वन विपिन	(iii) वसन
(घ) इच्छा अभिलाषा	(iv) भानु
(ङ) आकाश अंबर	(v) राजीव
(च) सूर्य भानु	(vi) अंबा
(छ) बादल घन	(vii) विपिन
(ज) कपड़ा वसन	(viii) धरा
(झ) माँ अंबा	(ix) अंबर

रचनात्मक कार्य

निम्नांकित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए-

बादल	अमृत	किनारा
घन	सुधा	तट
जलद	पीयूष	कूल
नीरद	सोम	कगार

निम्नांकित पर्यायवाची शब्दों को चित्रों के अनुसार उचित स्थान पर लिखिए-

धरा नेत्र विपिन नयन वसुधा
लोचन कानन जंगल भूमि

(क)

नेत्र नयन लोचन

(ख)

धरा भूमि वसुधा

(ग)

कानन विपिन जंगल